**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 17.05.2024 समय : 1905

**<><><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव आयोग दुनिया के लिए एक अनूठी मिसाल है।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िले को स्वच्छ बनाने के लिए आज से स्वच्छ पंचायत अभियान की शुरूआत की गई है।
- कैम्पबेल बे पुलिस ने कैम्पबेल बे के जंगलों से पचास करोड़ रूपये से अधिक मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया है।
- अट्ठारह सौ उनसठ में हुए अबरडीन की लड़ाई में अपने प्राणों की आहूति देने वाले ग्रेट अंडमानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।
- द्वीपों की पद्मश्री से सम्मानित के. चेल्लामल ने आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल दिया है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव आयोग दुनिया के लिए एक अनूठी मिसाल है। दिल्ली में एक मीडिया हाउस को दिए साक्षात्कार में श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विश्व के सामने अपना अनुकरणीय काम दिखाना उनकी सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनावों को केवल हार या जीत के रूप में परिभाषित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव किसी पार्टी के संदेश को बिना किसी छेड़छाड़ या भटकाव के सीधे लोगों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करते हैं।

<><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले को स्वच्छ बनाने के लिए आज से स्वच्छ पंचायत अभियान की शुरूआत की गई है। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने बताया कि इसके लिए एस ओ पी तैयार किया गया है। इसके आधार पर सभी पंचायतों को अंक दिए जाएंगे और सर्वश्रेष्ठ तीन पंचायतों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संबंध मे सभी रिकॉर्ड और पंचायतों की सफलता संबंधित मंत्रालय को भेजा जाएगा, ताकि उन्हें राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार से सम्मानित किया जा सके। इस मिशन को कामयाब बनाने के लिए ज़िला उपायुक्त ने सभी पंचायत प्रधानों, सचिवों और विभिन्न लाईन विभागों के प्रमुखों के साथ मायाबंदर के ज़िला उपायुक्त

कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में बैठक बुलाई। जो लोग इस बैठक में नहीं पहुंच सके, उनसे वर्चुअल रूप से संपर्क साधा गया।

<><><><><><><><>

कैम्पबेल बे पुलिस ने कैम्पबेल बे के जंगलों से करीब सोलह किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया है, जो संभवतः हेरोइन हो सकता है। थाना प्रभारी रोशन जॉर्ज के नेतृत्व में बाबू लाइन और आर. पी. आर. एस क्षेत्र के जंगलों में चलाए गए योजनाबद्ध खोज अभियान के दौरान ये नशीला पदार्थ पाया गया। ऑपरेशन टीम ने बी–क्वैरी समुद्र तट क्षेत्र से ये पदार्थ बरामद किया है। समझा जाता है कि अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र से ये आया हुआ है और ज़ब्त किए गए एक सामान में मेड इन ताइवान लिखा हुआ है। ज़ब्त किए गए नशीले पदार्थ की कीमत पचास करोड़ रूपये से अधिक हो सकती है। इस पूरे अभियान को कैम्पबेल बे एस डी पी ओ फिरोज़ आलम की देखरेख में चलाया गया।

<><><><><><><><>

अट्ठारह सौ उनसठ में हुए अबरडीन की लड़ाई में अपने प्राणों की आहूति देने वाले ग्रेट अंडमानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज अबरडीन जल क्रीड़ा परिसर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के जोशी और अन्य गणमान्य लोगों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उप–राज्यपाल ने ग्रेट अंडमानियों के परिजनों से भी मुलाकात की।

<><><><><><><><>

द्वीपों की पद्मश्री से सम्मानित के. चेल्लामल ने आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि जब हम आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी सशक्त होंगे और दूसरों पर आश्रित नहीं होंगे। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि वे स्वयं किसान है, बाग–बगीचे के माध्यम से उन्होंने जीवन के उतार–चढ़ाव को देखा है। किसानों को अपनी उपज बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की आवश्यकता है, क्योंकि किसान देश की आर्थिक दशा को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी खेती–किसान से दूर होते जा रही है, लेकिन यदि यही युवा आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अपने ही खेत में इसका उपयोग करें, तो देश समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए। अपने खुद के जीवन संघर्ष की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वे खुद अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बागवानी करती है। कृषि विभाग, क्यारी की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेकर जानकारी हासिल करती है और

अपने बगीचे में इसका उपयोग करती है। उन्होंने कहा कि यदि हम सशक्त और आत्मनिर्भर होंगे, तो दूसरे देश पर निर्भरता कम होगी।

<><><><><><><><>

आज विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस है। इंटरनेट तथा अन्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग करने की संभावनाओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। देश आज डिजिटल क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रुप में उभरने और अपने नागरिकों को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण डिजिटल यात्रा का उत्सव मना रहा है। हाल के वर्षों में भारतीय दूरसंचार क्षेत्र महत्वपूर्ण विकास और एक परिवर्तनकारी युग के चरण को स्थापित करने का साक्षी बना है। आज भारत 4जी तकनीक में छह लाख से अधिक गांवों और 5जी के स्टेशन ट्रांसीवर में लगभग चार लाख बयालीस हजार लोगों सहित निन्यानब्बे प्रतिशत लोगों की पहुंच इस तकनीक तक बना चुका है। अभूतपूर्व डेटा उपभोग, अधिक संख्या में इसके उपयोगकर्ता तथा नीति अनुकूल पर्यावरण से संचालित देश औद्योगिक विकास और स्टार्टअप नवाचार को बढ़ावा दे रहा है।

<><><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के खालसा पब्लिक स्कूल में पैंतालीस दिवसीय चेस समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन और स्कूल की ओर से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इच्छुक अभिभावक इसके लिए अपने बच्चों का पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><><>

बम्बूफ्लाट सब–स्टेशन में भूमिगत बिजली के केबलों को स्थानांतरित करने के कार्य के चलते कल बम्बूफ्लाट से विम्बर्लीगंज के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अण्डमान के कुछ क्षेत्रों में भी बिजली कटौती की जाएगी। कटौती कल सुबह सात बजे से बारह बजे तक होगी। इसके अलावा कल सुबह सात बजे से दिन में एक बजे तक दक्षिण अंडमान के सीपीघाट, टेलराबाद, मंजरी, मंगलूटान, वन्डूर जैसे क्षेत्रों में भी बिजली की कटौती होगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><><>

द्वीपों के कुछ भागों में वर्षा हुई। कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बीस मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में सात दशमलव चार और हटबे में दो दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड

की गई। अगले सात दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। बीस मई को निकोबार द्वीप के एकाध भाग और इक्कीस मई को द्वीपसमूह के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। बीस मई को तेज हवाएं चलने के कारण समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों से समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। कल का अधिकतम तापमान चौंतीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सत्ताईस डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

**<><><><><><><><>**